कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट(सोनभद्र)

पत्रांक– 3575/रेनुकूट/ 15–108 दिनांक,रेनुकूट,अप्रैल, 26, 2021

सेवा में,

महाप्रबन्धक
नार्दन कोल फील्ड्स लि0
बीना विस्तार परियोजना
बीना–सोनभद्र ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की बीना परियोजना को बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति हेतु प्रस्तुत ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या–**FP/UP/MIN/24551/2017** के संबंध में

संदर्भः–
1–इस कार्यालय का पत्र संख्या– 2646/रेनुकूट/15–108 दिनांक– 03.02.2021
2–इस कार्यालय का पत्र संख्या– 3211/रेनुकूट/15–108 दिनांक– 23.03.2021
3–इस कार्यालय का पत्र संख्या– 3485/रेनुकूट/15–108 दिनांक– 12.04.2021
4–मुख्य वन संरक्षक,मीरजापुर क्षेत्र,मीरजापुर का पत्रांक–4412/मी0क्षे0/33दिनांक–13.04.2021
5–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक– 2641/11– **FP/UP/MIN/24551/2017** लखनऊ दिनांक– 20.04.2021

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्रो का अवलोकन करने का कष्ट करे । प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के संदर्भित पत्र दिनांक– 20.04.2021 5 पॉच बिन्दुओ से संबंधित कमियॉ/अभिलेखो का अभाव पाया गया है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रश्नगत प्रकरण में मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के संदर्भित पत्र दिनांक– 20.04.2021 के क्रम में विषयगत प्रस्ताव की प्रति मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त कराते हुए पत्र में इंगित एन0सी0एल0 से संबंधित कमियॉ/अभिलेखो का निराकरण कराते हुए प्रस्ताव की समस्त प्रतियॉ उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें ।

भवदीय

(एम0पी0सिंह)
वन संरक्षक/प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 2641 /11–सी–FP/UP/Min/24551/2017, लखनऊ, दिनांकः अप्रैल 20 ,2021

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में रेनुकूट वन प्रभाग के अनपरा रेंज के अन्तर्गत नार्दन कोल फील्डस लि0 की बीना परियोजना को बीना–ककरी एकीकरण परियोजना हेतु 30.50 हे0 आरक्षित वनभूमि का 30 वर्षों के लीज पर हस्तान्तरण किये जाने एवं बाधक 14000 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–4412/मी0क्षे0/33, दिनांक 13.04.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा विषयगत प्रस्ताव इस कार्यालय को प्राप्त हुआ। प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त ऑनलाइन व हार्डकापी में निम्नलिखित कमियों/अभिलेखों का आभाव पाया गया:–

1. प्रस्ताव में प्रभावित होने वाले बाधक वृक्षों की सूची संलग्न है, किन्तु संलग्न सूची में व्यास वर्ग गलत अंकित किया गया है। अतः ऑनलाइन भाग–2 के अनुसार सही व्यास वर्ग अंकित कर प्रस्ताव में संलग्न करें एवं ऑनलाइन भाग–2 के Additional Information Detail से पूर्व कर डिलिट कर संशोधित अपलोड करें।
2. प्रस्ताव में प्रभावित वनभूमि के सापेक्ष 01 हे0 का ही मॉडल प्राक्कलन संलग्न किया गया है, जोकि अपूर्ण है। अतः 61 हे0 अवनत वनभूमि का पूर्ण प्राक्कलन संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 के क्रमांक–13(i) में अपलोड करें।
3. प्रस्ताव में क्षतिपूरक वनीकरण का उपयुक्तता प्रमाण–पत्र संलग्न है किन्तु ऑनलाइन भाग–2 के क्रमांक–13(v) में अपलोड नही है।
4. वन अधिकार अधिनियम–2006 के अन्तर्गत जिलाधिकारी का प्रमाण पत्र संलग्न है किन्तु उस पर जिलाधिकारी की मुहर नही लगी है अतः जिलाधिकारी की मुहरयुक्त प्रमाण पत्र संलग्न कर ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें।
5. ऑनलाइन भाग–2 के Additional Information Detail में अपलोड किये गये Act-1980 Certificate एवं DSS Analysis Certificate में मुख्य वन संरक्षक के हस्ताक्षर नही हैं अतः इसे डिलीट कर हस्ताक्षरयुक्त ऑनलाइन भाग–2 में अपलोड करें।

कृपया किसी कार्यदिवस में अपने कार्यालय प्रतिनिधि के द्वारा प्रस्ताव की 03 प्रतियॉ प्राप्त कराकर, इंगित कमियों के निराकरण के पश्चात् पूर्ण संशोधित प्रस्ताव इस कार्यालय को 03 प्रतियों में तत्काल उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

अग्रसारित
(अमर चन्द्र)
अपर सांख्यिकीय अधिकारी
कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उ0प्र0, लखनऊ।

भवदीय

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या–2641 /11–सी–FP/UP/Min/24551/2017, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट।
2. महाप्रबन्धक, नार्दन कोल फील्डस लि0, बीना परियोजना, बीना–सोनभद्र।

अग्रसारित
(अमर चन्द्र)
अपर सांख्यिकीय अधिकारी
कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उ0प्र0, लखनऊ।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

O/C

Acy-448